समाचार

प्लास्टिक फ्री कोरबा

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से छात्राओं ने दिया प्लास्टिक फ्री कोरबा का संदेश

(श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने मुरारका पेट्रोल पम्प के समीप खेला नुक्कड़ नाटक)

कोरबा 26 सितम्बर 2019 –आयुक्त श्री राहुल देव के मार्गदर्शन में नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा चलाए जा रहे प्लास्टिक फ्री कोरबा अभियान के तहत श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय कोरबा की छात्राओं ने आज नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्रतिबंधित प्लास्टिक उपयोग न करने, प्लास्टिक के उपयोग से पर्यावरण, मानव स्वास्थ व साफ–सफाई व्यवस्था पर पड़ने वाले प्रभावों को प्रदर्शित करते हुए प्लास्टिक मुक्त कोरबा बनाने का संदेश दिया।

यहां उल्लेखनीय है कि शासन द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक को पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया गया है। आयुक्त श्री राहुल देव के मार्गदर्शन में नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा कोरबा शहर को प्लास्टिक फ्री कोरबा बनाने एवं इसके प्रति व्यापक जनजागरूकता लाने की दिशा में विगत एक माह से विशेष अभियान चलाया जा रहा है, इस महाअभियान में स्कूल, कालेज के छात्र–छात्राओं की महती सहभागिता के साथ–साथ नगर के विभिन्न व्यवसायिक, सामाजिक व स्वयंसेवी संगठनों, महिला स्वसहायता समूहों के साथ सभी की सहभागिता प्राप्त हो रही है। इसी कड़ी में आज श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने आज महाविद्यालय के प्राचार्य वाई.के.सिंह, प्राध्यापक कविता तिवारी एवं एस.के. कहार आदि के निर्देशन में मुरारका पेट्रोल पम्प की समीप प्लास्टिक फ्री कोरबा थीम पर नुक्कड़ नाटक का मंचन किया तथा आमजन को प्लास्टिक का उपयोग न करने का संदेश देते हुए प्लास्टिक फ्री कोरबा बनाने में सबकी सहभागिता का आग्रह किया।

इस म ौके पर महाविद्यालय की छात्रा सोमी शिव, सुषमा गुप्ता, प्रियंका कंवर, रूखसार परवीन,पूजा सोनी, पल्लवी यादव, ललिता एक्का, पूर्णिमा पैकरा, डायना डेनियल, प्रीति साहू, मधु राय आदि के साथ अन्य छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के मंचन में अपनी सहभागिता दी।

<u>**सुविधा 24 के केयर टेकरों को दिया गया प्रशिक्षण**</u>– आयुक्त श्री राहुल देव के निर्देश पर आज निगम क्षेत्र में संचालित सार्वजनिक सह सामुदायिक शौचालयों सुविधा 24 के केयर टेकरों को उनके कार्यो का गहन एवं सूक्ष्म प्रशिक्षण स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अधिकारी डॉ.संजय तिवारी द्वारा दिया गया। यहां उल्लेखनीय है कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2020 एवं ओ.डी.एफ. प्लस–प्लस के मद्देनजर विगत दिनों आयुक्त श्री राहुल देव ने विभिन्न सार्वजनिक सह सामुदायिक शौचालयों का आकस्मिक निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं को चुस्त–दुरूस्त करने, सुविधाओं को अपग्रेड करते हुए उन्हें बेहतर स्वरूप देने, साफ–सफाई पर विशेष ध्यान देने, पर्याप्त पानी की उपलब्धता बनाए रखने, प्रकाश व्यवस्था दुरूस्त रखने एवं शौचालयों को 24 घंटे खुले रखने सहित अन्य आवश्यक निर्देश दिए थे, साथ ही निगम के अधिकारियों को निर्देश दिया था कि वे केयर टेकरों को इस हेतु आवश्यक प्रशिक्षण भी दें। इसी कड़ी में आज स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अधिकारी डॉ.संजय तिवारी ने निगम क्षेत्र में संचालित समस्त 34 सार्वजनिक व सामुदायिक शौचालयों के केयर टेकरों को उनके कार्यो का गहन एवं सूक्ष्म प्रशिक्षण दिया।